मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 03/10/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय रांची
विज्ञप्ति संख्या - 281/2024
3 अक्टूबर 2024
मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय, रांची
==================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन से आज इमारत-ए- शरिया, बिहार -झारखंड एवं ओडिशा के अमीर- ए - शरियत- सह- ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सचिव मौलाना अहमद वली फैसल रहमानी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उन्होंने वक़्फ़ अमेंडमेंट बिल को लेकर अपनी भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

मंत्री श्री इरफान अंसारी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश की मौजूदगी में मुख्यमंत्री से भेंट करने वाले प्रतिनिधि मंडल में सांसद और वक़्फ़ अमेंडमेंट बिल के लिए गठित जॉइंट पार्लियामेंट्री कमिटी के सदस्य डॉ नासिर हुसैन एवं मौलाना मुहीबुल्लाह नादवी, मीन्नत रहमानी, काजी मोहम्मद अंजर आलम कासमी, मौलाना मुफ़्ती अनवर कासमी, मौलाना

तहजीबुल हसन, फहद रहमानी, एहतेशाम रहमानी और मुफ़्ती शहाबुद्दीन प्रमुख रूप से शामिल थे।

###

===========================

TeamPRD(CMO)